Naya India
New Delhi, 8 January 2013

ओलंपिक में गोल्फ

टाप 50 में आना है मेरा लक्ष्य: जीव

भारत के लिए 1990 के एशियाई खेलों में खेल चुके जीव मिल्खा का सपना ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

नई दिल्ली ■ एजेंसियां/डेस्क

भारत के शीर्ष गोल्फरों में से एक जीव मिल्खा सिंह का लक्ष्य इस वर्ष मार्च तक दुनिया के टाप 50 खिलाड़ियों में आना है ताकि वह मास्टर्स में खेल सके। जीव साथ ही 2016 के रियो ओलंपिक में देश के लिए खेलने का भी सपना रखते है।

जीव ने गुजरात कैसविले चैलेज गोल्फ टूर्नामेट की घोषणा के अवसर पर कहा कि मैं इस समय पूरी तरह फिट हूं और मै चाहता हूं कि मार्च तक टाप 50 खिलाड़ियों में पहुंच सकूं ताकि फिर में मास्टर्स टूर्नामेट में खेल सकूं। यदि मैं मार्च तक टाप 50 में नहीं भी पहुंच पाता हूं तो भी मेरी कोशिश रहेगी कि मैं अपनी फिटनेस बेहतर रखूं। यदि मेरी फिटनेस साल भर अच्छी रहती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि मै शीर्ष 50 में पहुंच सकता हूं। भारत के लिए 1990 के एशियाई खेलो में खेल चुके जीव का सपना ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

जीव ने कहा कि मेरे पिता मिल्खा सिंह ओलंपिक में खेले थे और मै भी चाहता हूं कि मै एक बार ओलंपिक में उतरूं ताकि हमारे पूरे परिवार का सपना पूरा हो सके। कैसविले टूर्नामेंट का आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में स्थित कैसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 31 जनवरी से तीन फरवरी तक होना है जिसमे 120 खिलाड़ी हिस्सा लेगे। टूर्नामेंट में दो लाख यूरो की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस टूर्नामेंट में यूरोपियन चैलेज टूर के 63 सदस्य और प्रोफेशनल गोल्फ टूर आफ इंडिया (पीजीटीआई) के 57 सदस्य उतरेंगे।

जीव ने बताया कि इस टूर्नामेट का एक प्रमुख आकर्षक प्रो एम में क्रिकेट के बादशाह सचिन तेदुलकर की मौजूदगी होगी। उन्होंने कहा कि सचिन प्रो एम में आएंगे, लेकिन वह खेलेंगे नहीं। उनकी सिर्फ उपस्थिति मात्र होगी। फिर भी हम चाहेंगे कि वह गोल्फ मे बल्ला घुमाएं और भविष्य में गोल्फर बनने की शुरूआत यहीं से करें। वैसे सचिन गोल्फ कोर्स में ड्राइविंग रेंज तक पहुंच चुके हैं। सचिन, जीव और बालीवड के महानायक अमिताभ बच्चन कैसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब के ब्रांड एंबेसेडर है।

सचिन ने हाल ही में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। जीव से यह पूछने पर कि 40 वर्ष के लगभग पहुंचने पर खिलाड़ी को अपनी फिटनेस बरकरार रखने के लिए क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे पिता कहा करते है कि शरीर आपका मंदिर है। आपका उसका जितना सम्मान करेगे उतनी आपकी फिटनेस ठीक रहेगी। मैं अपनी फिटनेस के लिए योगा करता हूं और जिम भी जाता हूं।

कैसविले चैलेज में इस बार स्टार खिलाड़ियों में मेजर विजेता रिच बीम और राइडर कप के स्टार ओलीवर विल्सन भी उतरेंगे। भारतीय चुनौती का दारोमदार पहले टूर्नामेट के विजेता गगनजीत भुल्लर और गत उपविजेता राहिल गंगजी पर रहेगा। अन्य भारतीय दावेदारों में हिम्मत सिंह राय, चिराग कुमार, शमीम खान और राशिद खान भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पिछले वर्ष टूर्नामेंट में 114 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन इस बार यह संख्या 120 पहुंच गई है।